**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि "भारत प्रथम" देश की विदेश नीति का मूल मंत्र बन गया है। भारत, अब न केवल विश्व व्यवस्था में भाग ले रहा है बल्कि भविष्य को आकार देने और उसे सुरक्षित करने में भी योगदान दे रहा है। श्री मोदी कल नई दिल्ली में एक निजी टीवी चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भारत की फॉरेन पॉलिसी का मंत्र बन गया है -इंडिया फर्स्ट। एक जमाने में भारत की पॉलिसी थी, सबसे समान रूप से दूरी बनाकर चलो। आज के भारत की पॉलिसी है सबके समान रूप से करीब होकर चलो। दुनिया के देश भारत की ओपिनियन को, भारत के इनोवेशन को, भारत के एफर्ट्स को जैसा महत्व आज दे रहे हैं वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है ।

आज विश्व की दृष्टि भारत पर है, हमारे देश पर है। दुनिया में आप किसी भी देश में जाए वहां के लोग भारत को लेकर एक नई जिज्ञासा से भरे हुए आखिर ऐसा क्या हुआ कि जो देश 70 साल में 11वें नंबर की इकोनॉमी नंबर की इकोनॉमी बना। वो महज 7-8 साल में पांचवें नंबर की इकोनॉमी बन गया।

**************************************************************************

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में कल मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना के लिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे 91 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और कई अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष के खरीफ सीजन में किसानों को किफायती दरों पर फॉस्फेटिक और पोटाशिक खाद उपलब्ध कराने की भी मंजूरी दे दी है।श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने केन्द्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ महंगाई

भत्ता इस साल की पहली जनवरी से लागू होगा। इससे केंद्र सरकार के 48 लाख 66 हजार कर्मचारियों और 66 लाख 55 हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

**************************************************************************

रमजान के पवित्र माह में अलविदा जुम्मे के शुभ अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य हज समिति के अध्यक्ष चौधरी मोसिन रज्जा द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में भाग लिया। इस आयोजन में कई प्रमुख हस्तियां और मुस्लिम समुदाय के सदस्य शामिल हुए।अपने संबोधन के दौरान, राज्यपाल ने मुस्लिम समुदाय को रमजान और आगामी ईद-उल-फितर के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी, साथ ही इन अवसरों के आध्यात्मिक विकास और सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने में महत्व पर बल दिया।

**************************************************************************

माता मनसा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि मेला कल प्रथम नवरात्रि से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक जारी रहेगा। पंचकुला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड ने नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर सारी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मदद के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा । उन्होंने बताया कि इस बार माता पर चोला चढाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है ताकि जो भी श्रद्धालु माताजी पर जो चोला चढ़ाना चाहते हैं वह ऑनलाइन बुकिंग कर सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि इसी के साथ-साथ माता के दर्शन के लिए आने वाली वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं के लिए 10 ई रिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है, जो उनको पार्किंग स्थल से मंदिर तक लेकर जाएगी।उपायुक्त ने बताया कि 5 मिनी बसे स्वास्तिक विहार से मेला स्थल तक लगाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि मिश्री के साथ सूखे फलों के प्रसाद में गैर सरकारी संगठनों द्वारा सहयोग किया गया है।